सत्यमेव जयते

अध्यक्ष, लोक सभा
SPEAKER, LOK SABHA
INDIA

संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ऑल इंडिया कम्प्यूटर साक्षरता मिशन पिछले 25 वर्षों से देश के सभी राज्यों में स्थित अपने केन्द्रों के माध्यम से भारत के युवाओं के कौशल विकास का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यह संस्था युवाओं को प्रशिक्षित कर उनकी आशा-आकांक्षाओं को बल दे रही है एवं उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर रही है।

भारत एक युवा राष्ट्र है। यह हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है कि देश में व्यापक बदलाव के मार्ग का नेतृत्व हमारे करोड़ों युवा साथी कर रहे हैं। आज इस देश का युवा सशक्त और समर्थ बन रहा है, अपनी शक्ति, कौशल और अपने नव-विचारों के बल पर आगे बढ़ रहा है। ऑल इंडिया कम्प्यूटर साक्षरता मिशन ने केंद्र एवं राज्य सरकार की कौशल विकास और आजीविका योजनाओं एवं कार्यक्रमों के तहत अभी तक लगभग 2 लाख से भी अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है जिससे उनके लिए रोजगार के अनंत अवसर खुले हैं।

मुझे आशा है कि यह संस्था इसी तरह आगे भी भारत की युवा शक्ति को सक्षम बनाने के अपने उद्देश्यों पर कार्य करते हुए कुशल भारत के निर्माण में अपना अभिन्न योगदान देती रहेगी। ऑल इंडिया कम्प्यूटर साक्षरता मिशन की वार्षिक पुस्तिका के सफल प्रकाशन के लिए मेरी शुभकामनाएं।

(ओम बिरला)